पंजाब केसरी
04-03-2025

# आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस समय की आवश्यकता : डॉ. रोहित दत्त



*कार्यक्रम में शामिल छात्र व अन्य।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 3 मार्च (बलराम): ए.आई. जागरुकता कार्यक्रम के तहत जी.एम.एन. कॉलेज ने सनातन धर्म कॉलेज, अम्बाला कैंट में आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस की मूल बातें पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, सहायक प्रो. कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग ने जी.एम.एन. कॉलेज के संकाय का स्वागत किया और छात्रों को पूरे उत्साह के साथ सत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जी.एम.एन. कॉलेज के संकाय डॉ. गीता कौशिक, डॉ. भारती सुजान और कमलप्रीत कौर ने पीजी कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत की और अपनी विशेषज्ञता सांझा की। कार्यक्रम को बी.सी.ए., बी.बी.ए. और बी.एस.सी. अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मौलिक ए.आई. अवधारणाओं, अनुप्रयोगों और क्षेत्र में भविष्य की कैरियर संभावनाओं से परिचित कराना था।

सत्र के दौरान कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के शिक्षक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डीन डॉ. प्रबलीन कौर की देखरेख में किया गया। जी.एम.एन. के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस कदम की सराहना की और कहा कि आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस समय की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम जो आकार ले रहा है, उसे लेकर वह बहुत आशावादी हैं।